17.52 hours

Title: Discussion on points arising out of the answer given by the Minister of power on 04.12.2000 to Starred Question No. 202 regarding Rural Electrification During Ninth Plan.

MR. CHAIRMAN: Now, the House shall take up Item No. Item No. 28 -- Half-An-Hour Discussion.

SHRI M.V.V.S. MURTHI (VISAKHAPATNAM): Mr. Chairman, Sir, this House was very much agitated on the 4th December, 2000 regarding a question on rural electrification during the Ninth Plan. This is a very important subject. I think, all the hon. Members of this House, who are interested in the welfare of the people of rural areas, will indulge themselves here because mostly all the people living in the rural areas are poor. The hon. Minister is a very energetic Minister. That is why he is having this Energy portfolio. Sir, in the Ninth Plan Period, it was expected that 40,245 mw would be created. But so far, it is not even 50 per cent which has been created and now only two more years are left. How will the Minister keep up the Ninth Plan target of creation of energy? This is my first question. Sir, this is a very poor state of affairs in the country. My dear friend and colleague, Dr. Raghuvansh Prasad Singh will not be angry on me if I mention the figures quoted by the *Dainik Jagran* of 20th November. They have said that if this present situation continues, another 700 years will be taken to electrify all the villages of Bihar. Similarly it will take 66 years to electrify the whole of West Bengal. It will take 33 years to electrify Uttar Pradesh. The situation in Uttar Pradesh is somewhat better. Sir, these views have been expressed by no less than an expert Parliamentary Committee dealing with the subject. So, if this is the state of affairs, where are we heading for in the energy sector? Mr. Minister, Sir, I seek your indulgence. It is stated that it would take 700 years for the completion of rural electrification. This is not possible. The total requirement of the country today is approximately one lakh megawatts. If this is the position, by the time you complete the Ninth Plan, your requirements will again increase. Energy is the source of wealth. Energy is only to move the wheels of progress. Thus, there is no scope for progress without energy. We are feeling that it is not a commodity to sell but a free commodity. It could be used by anybody free of cost. The Government should provide free energy to everybody; it is not a commodity. But, actually, electricity is a commodity. It is a manufacturing activity. Many processes are involved in it. Unless you create energy you cannot achieve your objectives. So, how can you say that it should be given free everywhere? The House is divided on this point. This is also a point to be pondered. Many of us live in urban areas and we do not bother about rural electrification. Our Internet will work on electricity available in the urban areas and so we can get to know the world around us. If we are all interested in rural electrification and if that is the commitment, the whole House should go with that commitment. We should resolve today how to achieve our objective to create one lakh megawatts of power and how we should treat electricity as a commodity. If only you take into consideration these two issues into consideration, the problem will be solved. Otherwise, it will be much more complicated. The hon. Minister has said in his reply that this is a State subject and the States have to look after this. They have to create energy and it is in their purview. He has said that the Centre is giving whatever assistance is sought by the States. It should not be the case. India is one country; India lives in the villages. We should think as one; we should not segregate Bihar, Andhra Pradesh, West Bengal and Tamil Nadu as different entities. If we follow a united process the bondage will further improve. This is an important subject and I hope everybody would hear my views and ideas. The *per capita* consumption in India is ridiculously low at 338 units per head per year. We should compare ourselves with China, which is one of the developing countries. They are also progressing and doing a lot of work for the rural areas. Their *per capita* consumption is 800 units. Sometimes, we feel so depressed that we can never reach the consumption level a developed country, not only in our lifetime but even after fifty years.18.00 hrs.The per capita consumption in US is 13,000 units and in India, it is 338 units. It is a very bad state of affairs. I do agree. May I know whether the hon. Minister has taken any concrete steps in this direction? He owes an answer to this nation. Otherwise, this problem will be further complicated. There has to be an energy audit. He has introduced the Energy Conservation Bill in this House on 24.02.2000. This is a very good Bill. He should strictly pass all the clauses that are existent in that Bill. It talks about Bureau of Energy Efficiency. Bureau of Energy Efficiency has to be created and that has to monitor all those aspects. The Government of India has to lay down the energy conservation standards and mention that energy has to be used in certain ways and how it has to be saved. Every one should follow the energy conservation standards scrupulously. I have seen it in some countries. In a progressive country like Japan, people put off air-conditioners when the temperature is between 42-24 degrees. During such weather conditions, they open the small doors and they shut down air-conditioners and other things. They save energy like that. If we also save energy like this, we can use it for rural electrification. If we waste energy, how can we use it for rural electrification? So, it is our primary duty to think − the country as a whole − uniformly and not differently. But some of the States boost that they have already electrified all the villages. It is a misnomer. Only the revenue villages have been electrified. That will have half-a-dozen hamlets and not all hamlets. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Shri Murthi, you know the rules; we have to dispose of this item.

SHRI M.V.V.S. MURTHI : I am directly asking the question. ...(*Interruptions*) Only one clarification I want to ask.

सभापति महोदय : सदन की मैंने पहले ही सहमति चाही थी कि इस बिल पर जितना समय लगे, उसके बाद आधे घंटे की चर्चा के लिए आधा घंटे का समय और देंगे। इस प्रकार से सदन का समय सायंकाल 6.20 बजे तक बढ़ाया जाता है।

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : सभापति महोदय, श्री सुरेश प्रभु जी से पहले लोग कम परेशान थे, लेकिन जब से ये विद्युत मंत्री बने हैं, तब से ज्यादा लोग पीड़ित हैं।â€¦(व्यवधान)

SHRI M.V.V.S. MURTHI : So, I appeal to the hon. Members to think about this. I would also like to directly ask the hon. Minister whether the energy audit will be introduced. Energy should be metered in this country. It has to be treated as a commodity. When a commodity is sold, it cannot be freely enjoyed. If these things are put in place, we will achieve rural electrification programme at least by the end of the Tenth Plan. Otherwise, we will never achieve. I would request the hon. Minister to answer to all these points. Thank you very much.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : सभापति महोदय, भारत सरकार ने ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए संपूर्ण भारत में 1999-2000 में 3,000 करोड़ रुपए दिए, लेकिन बिहार को इसमें से एक पैसा भी नहीं दिया गया। इसी प्रकार से 1998-99 में 2,000 करोड़ रुपए दिए गए जिसमें से बिहार को,..â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : डॉ. रघुवंश प्रसाद जी, आप कृपया अपना स्थान ग्रहण कीजिए। जिनके नोटिस पहले आए हैं उनके नाम मुझे पहले बोलने दीजिए। डा. श्यामा सिंह का नाम है।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : सभापति महोदय, वे नहीं हैं। उन्हीं के स्थान पर तो हम बोल रहे हैं।

सभापति महोदय : आप कृपया अपना स्थान ग्रहण कीजिए। मैं आपको भी बोलने के लिए समय दूंगा, लेकिन पहले जिस क्रम में नोटिस आए हैं। उस क्रम में नाम पुकारने दीजिए। जब डॉ. श्यामा सिंह का नाम बोला जाएगा, तब उनके स्थान पर आपको अवसर दूंगा।

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Mr. Chairman, Sir, rural electrification is a very important subject. What is our experience even after 53 years of our Independence? We have not been able to achieve the target. The definition of rural electrification has been changed. Now, the village will be considered to have been electrified even if it has one pole and one bulb. As per that definition, eighty thousand villages remain to be electrified in our country according to the figure given by the Minister in reply to the Question. But our experience shows that that figure would be much more. The Minister, in his reply, has stated that the Government has set up a Group of Ministers to review all the existing schemes relating to the electrification of tribal villages, *dalit bastis,* and areas where weaker sections of the population live and suggest modification for accelerating the pace of electrification. For electrification of *dalit bastis,* and areas where weaker sections of the population live, a scheme called *Kutir Jyoti Scheme* has been introduced and cent per cent fund has been provided for this. In regard to electrification of *dalit bastis* and areas where weaker sections of the people live, I would like to know from the Minister whether the Group of Ministers have reviewed this, whether they have submitted any report, and whether the Government is proposing to modify the programme as the progress is very slow. Today, there was a Question in my name. But that could not be asked because the House was adjourned. That Question was about the private sector participation in the rural electrification. To a Question asked earlier, the Minister replied that no proposal is under consideration of the Government to privatise rural electrification in the country. But today in reply to my Question, he has stated that in the State of Orissa where distribution has been privatised, maintenance of rural electrification is under the responsibility of private sector distributing company. My another Question was whether private sector companies are extremely reluctant to continue with the power supply to the rural areas and his reply was that the Ministry has no information in regard to that. In Orissa, after cyclone, a private sector company was given the responsibility to restore electrification in eight hundred villages.Even after one year, that has not been done. They are asking for more tariff. May I know from the hon. Minister whether the private company, which has been handed over restoration and maintenance of rural electrification, is asking for more tariff. When the Bill for delinking generation, distribution and transmission was brought, our hunch was if it is privatised, the private companies will ask for more tariff. That is the experience of Orissa and Andhra Pradesh. There are wide variations among the States. Some States have achieved the target and some States are lagging behind. I would like to know whether the Government of India will have a plan and programme to provide adequate funds to the States who are lagging behind so that rural electrification can be accelerated in those States also. The experience in my State is, we have a separate organisation for rural electrification. So, a separate organisation for rural electrification, not like that was there earlier, can be had so that rural electrification can be accelerated in those States also.

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): I will also refer to the reply given by the hon. Minister today that in the State of Orissa, where distribution companies have been privatised, the maintenance of rural electrification is now the responsibility of the private sector distribution companies. I agree that distribution has been privatised. In my State there is a company called NESCO which is distributing power but it is not true that now the responsibility of that company alone is to look after the rural electrification. I will just give you an example. I wanted to get a very remote village near the sea coast electrified and I wanted to pay the expenses from the MP LAD. I was told that they have not taken over that village. I was told that it still existed with either the State Electricity Board or with the State Government and it is not with them. Secondly, I would like to bring to the notice of the hon. Minister that if we want to get a village electrified, the estimate is being prepared by them. In Orissa, they not only prepare the estimate for poles and wire but also include the high cost of transformer on our head. If one wishes to provide electricity to a village, he has also to pay for the cost of the transformer. Why should we pay for the transformer? It is the company who should pay for it. The hon. Minister may look into this also. Finally, questions are being asked as to which village is considered as electrified. The hon. Minister has already told in his reply that even if there is one light in a village, that village is considered to be electrified.But there are hundreds of villages. The Minister should also keep this point in mind. Specifically in the Tribal and Scheduled Castes area electricity line has been taken right up to the village, but nobody has taken electricity from there. If there are some other people, they are stealing it by putting loops. There is no metering of the consumption. Therefore, my final question is why any honest user should pay more because many others are stealing power.

MR. CHAIRMAN : As a special case I am permitting Dr. Raghuvansh Prasad Singh.

श्री राजीव प्रताप रूडी (छपरा) : महोदय, रूल्स में क्लियर है, आज दो वक्ता उपलब्ध नहीं हैं और लाटरी में मेरा अगला स्थान है।

MR. CHAIRMAN: I am not permitting you.

श्री राजीव प्रताप रूडी : मैं तो सुबह आकर नौ बजे लाटरी में नोटिस देकर गया हूं और दो वक्ता नहीं हैं। आजकल प्राइवेट सैक्रेटरीज नाम डालकर चले जाते हैं और वक्ता हाउस में नहीं रहते हैं। हमारे जैसे लोग सुबह नौ बजे आकर नोटिस देकर जाते हैं। â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : रूडी जी, इन्होंने परमीशन के लिए आग्रह किया था और उनको स्पेशल परमीशन दी गई है। He had asked for special permission.

श्री राजीव प्रताप रूडी : मेरा नम्बर तो लाटरी में था, दो वक्ता उपलब्ध नहीं हैं। यह कैसा नियमन है।â€¦(व्यवधान)चार लोगों को बोलना था, उनमें से दो उपलब्ध हुए हैं और मेरा नाम सूची पर है। जो आदमी लाटरी में बिल्कुल नहीं था, उसे अनुमति दे रहे हैं। यह कैसे सम्भव है?

MR. CHAIRMAN: I know that. As a special case I have permitted Dr. Raghuvansh Prasad Singh. कृपया समय खराब न करें, बैठिये।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : ये असत्य बोल रहे हैं, इनसे पहले हमने नाम दिया है।

MR. CHAIRMAN: He is given permission as a special case.

श्री पवन कुमार बंसल (चंडीगढ़) : ये क्या कर रहे हैं। यह निर्णय तो चेयर करेगी, आप कौन हैं?

MR. CHAIRMAN: Hon. Speaker has allowed him. He has given him special permission. Please hear me.
माननीय अध्यक्ष महोदय ने उन्हें विशेा अनुमति दी है और उन्होंने अध्यक्ष महोदय से विशेा अनुमति मांगी है।
श्री राजीव प्रताप रूडी : महोदय, यह तो उचित नहीं है। मैं सुबह से आकर बैठता हूं, लाटरी में नाम देता हूं और मेरे से ऊपर के दो आदमी सदन में उपलब्ध नहीं हैं और मेरा नाम लाटरी में हैâ€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : माननीय अध्यक्ष महोदय ने उनको विशेा अनुमति दी है। रूडी जी, मैं आपको अनुमति नहीं दे रहा हूं।

श्री राजीव प्रताप रूडी : महोदय, नियमों का पालन किया जाये। यह मेरे राज्य से सम्बन्धित मुद्दा है। वे इसे उठाएंगे तो आप मुझे भी अनुमति दें। â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : मैंने आपको बता दिया। इसमें माननीय अध्यक्ष महोदय को अधिकार है और उन्होंने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए अनुमति दी है।

श्री राजीव प्रताप रूडी : महोदय, वह अधिकार आपको भी है। यह न्याय कहां से हो रहा है, आप बतायें? अगर अध्यक्ष महोदय यहां उपलब्ध होते तो मुझे भी अनुमति देते। मैं समझता हूं, आप सदन में बैठे हैं और आपको मुझे अनुमति देनी चाहिए। यह परम्परा गलत है। इस प्रकार से अगर होगा तो हम लोग जो सुबह नौ बजे आकर नोटिस देते हैंâ€¦(व्यवधान) महोदय, अगर उनको बुलाया जाता है तो मुझे भी बुलाया जाये।â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप इसमें सहयोग कीजिए। यह ठीक नहीं है। यह आधे घंटे की चर्चा है और आधे घंटे में समाप्त होनी है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Are you going to challenge the Speaker"s ruling?

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : I would have made a request to the hon. Speaker. The Rules Book is here.

सभापति महोदय : स्पीकर साहब ने विशेा अनुमति दी है। आप स्पीकर साहब की बात को तो चेलेंज नहीं कर सकते। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप संक्षेप में कहेंगे ताकि उत्तर मिल सके।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : सभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने चिन्ता व्यक्त की है और हम लोगों को बुलाने का कट भी किया है। इस पर बैठक भी हुई है। हिसाब यह है कि तीन वार्षों में देश के सभी राज्यों को 6200 करोड़ रुपये ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए दिये गये, जिसमें से 3000 करोड़ रुपये 1999-2000 में, 2000 करोड़ रुपये 1998-99 में और 1100 करोड़ रुपये 1997-98 में दिये गये। यह पैसा देश के सभी राज्यों को दिया गया, लेकिन बिहार को शून्य मिला। 1999-2000 में एक पैसा भी नहीं मिला। 1998-99 में भी एक पैसा नहीं मिला।1997-98 में एक करोड़ 47 लाख रुपए मिले। माननीय मंत्री की जो कैलकुलेशन है कि 800 वर्ा लग जाएंगे बिहार में विद्युतीकरण में, तो यह बात सही है। जब 6200 करोड़ रुपए देश के सभी राज्यों को मिले तीन वार्षों में, बिहार को एक पैसा भी नहीं मिले और बिहार से दुश्मन जैसा व्यवहार किया जाएगा तो 800 क्या दो हजार वर्ा भी बीत जाएंगे, लेकिन बिहार में विद्युतीकरण नहीं होने वाला है। आर.इ.सी. ने 40 करोड़ रुपया मंजूर किया है, लेकिन दुश्मनी के कारण नहीं दिया गया। 1989 तक 79 करोड़ रुपया दिया गया था। उसका सूद, फिर सूद दर सूद सब जोड़ कर 421 करोड़ रुपए हो गए। अब आर.इ.सी. कहती है कि पहले यह पैसा दो, अन्यथा हम आपको एक पैसा भी नहीं देंगे। इस कारण बिहार में 67,000 गांव चिरागी हैं और दस हजार गांव बेचिरागी हैं। वहां पर कुल 77,000 गांव हैं। उनमें से 25,000 गांव ऐसे हैं, जिनमें फर्जी विद्युतीकरण हुआ, 14,000 गांवों में तार डाल दिए गए और 3300 गांवों में पोल खड़े कर दिये गए, लेकिन तार नहीं डाले गए। इस वजह से वहां भारी विद्युत संकट है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार इस संदर्भ को देखते हुए कि बिहार के साथ बड़ा अन्याय हुआ है, उपेक्षा हुई है,, सन् 1997-98 में भी हुई थी, वह पैसा एबेंस में डाल दिया जाए और ऋण देना शुरू करेगी तथा बकाया 421 करोड़ रुपए माफ करके आर.इ.सी. से फ्रैश ऋण देने की कहकर ग्रामीण विद्युतीकरण का काम सात वार्षों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण कराने पर विचार करेगी ? नहीं तो बिहार में अगले आठ हजार वर्ा तक ग्रामीण विद्युतीकरण नहीं होगा।

सभापति महोदय : मैं सदन से अनुमति चाहूंगा कि समय समाप्त हो रहा है, मंत्री जी का भी जवाब आना है। अखिलेश जी प्रश्न पूछ कर समाप्त करें और जब तक मंत्री जी का जवाब पूरा हो तब तक सदन बैठेगा। क्या इस पर सदन की सहमति है ?

कई माननीय सदस्य : जी हां।

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है। वहां ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य धीमी गति से चल रहा है। बिहार को छोड़ कर देश के अन्य राज्यों से उत्तर प्रदेश विद्युतीकरण के मानक पर पिछड़ा हुआ है। अभी विगत तीन वार्षों के अंदर भारत सरकार से ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु और पम्प सेट ऊर्जीकरण हेतु जो धनराशि आबंटित की गई है, वह लगातार घटती चली जा रही है। उत्तर प्रदेश के गांवों में विद्युतीकरण की स्थिति की स्थिति भी बड़ी विचित्र है। एक गांव के एक टोले या एक मजरे को विद्युतीकृत कर दिया गया तो सम्पूर्ण गांव को विद्युतीकरण से जोड़ कर मान लिया गया है। बड़ी आबादी का क्षेत्रफल अभी भी ग्रामीण विद्युतीकरण से वंचित है और विद्युतीकरण कागजों में दिखाया जा चुका है, वह गलत है। देश के शेा राज्यों के लगभग एक चौथाई विद्युतीकृत आबादी के बराबर का क्षेत्र हमारा अभी भी विद्युतीकरण मे पिछड़ा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र का 60 प्रतिशत हिस्सा अभी भी विद्युतीकरण से वंचित है। बिहार को छोड़ कर देश के अन्य राज्यों के मानक के बराबर ग्रामीण विद्युतीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए क्या ऊर्जा मंत्री जी केन्द्र से उत्तर प्रदेश के लिए अतिरिक्त धन का प्रावधान करेंगे ?अभी तक हम लोग सांसद विकास निधि से विद्युतीकरण का कार्य कराते थे। अभी उ0 प्र0 राज्य विद्युत बोर्ड ने एक नई गाइडलाइन दी है, जिसके तहत सांसद विकास निधि या विधायक विकास निधि से ग्रामीण ि वद्युतीकरण कराया जाना व्यावहारिक तौर पर सम्भव ही नहीं। उन्होंने यह कहा है कि जिन गांवों से 60 प्रतिशत की रिकवरी हमें प्राप्त नहीं होगी, हम वहां ग्रामीण विद्युतीकरण का काम नहीं कराएंगे, यह सम्भव ही नहीं है। क्या मंत्री जी सांसदों को केन्द्रीय स्तर से एक विशेा पैकेज देकर ग्रामीण विद्युतीकरण के लक्ष्य को प्राप्त कराने का काम करेंगे ?

श्री राजीव प्रताप रूडी : सभापति महोदय, मैं जिस प्रांत से आता हूं वहां रघुवंश प्रसाद सिंह जी ऊर्जा मंत्री भी रह चुके हैं, इसलिए इस विाय पर उनका ज्ञान अधिक है। मैंने ऊर्जा से संबंधित बहुत से टर्मिनोलॉजी का अध्ययन किया है, सुना है और उनके बारे में जाना है लेकिन एक विाय पर माननीय मंत्री जी से समझना चाहूंगा कि पूरे देश में इलैक्ट्रिफिकेशन का कार्य चल रहा है और आपके यहां जो प्रतिवेदन आता है, वह राज्यों से आता है कि कितना इलैक्ट्रिफिकेशन हुआ है, लेकिन एक राज्य है जहां से एक प्रतिवेदन आता है कि इतने नंबर ऑफ विलेजेस का डी-इलैक्ट्रिफिकेशन हुआ है। एक तरफ विद्युतीकरण की श्रृंखला चल रही है और दूसरी तरफ डी-इलैक्ट्रिफिकेशन हो रहा है, यह कौन सी नयी टर्मिनोलॉजी है? इसलिए मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि वह अपनी व्यवस्था के तहत भारत सरकार के नियमन के तहत मुझे समझाने का कट करें कि बिहार राज्य से जो प्रतिवेदन प्राप्त होता है कि इतने गांवों का डी-इलैक्ट्रिफिकेशन कर दिया गया है, वह कृपा करके विस्तार से इस सम्मानित सदन को इस संबंध में बताएं तथा इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा कि बिहार ही एक ऐसा प्रांत है जहां स्वर्गीय कुमारमंगलम जी ने रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन के मामले में एक उच्चस्तरीय इन्क्वायरी ऑर्डर की थी। रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन के बारे में हमारे देश में इंक्वायरी कहीं नहीं हुई है लेकिन बिहार में सी.बी.आई. को यह कार्य सौंपा गया कि वह पता करके बताए कि ग्रामीण विद्युतीकरण के क्षेत्र में कितना बड़ा घपला हुआ है? विभागीय स्तर पर चूंकि जब माननीय मंत्री जी ने यह कार्य सी.बी.आई. को सौंपा है तो अपने स्तर पर राज्य सरकार के माध्यम से इन दो मुद्दों पर- एक तो डी-इलैक्ट्रिफिकेशन की टर्मिनोलॉजी पर और दूसरे जो जांच के ऑर्डर बिहार में हुए हैं, क्योंकि हम भी देहात में रहते हैं और देश में हजारों गांवों में इसी तरह से हम देखते हैं कि बड़े-बड़े पोल गढ़े हैं लेकिन तार नहीं है, बिजली नहीं है, ट्रांसफॉर्मर नहीं है और वार्षों से अखबार में कागज में डी-इलैक्ट्रिफाइड दिखाया जाता है। बिहार में इलैक्ट्रिफिकेशन के लिए लगभग 1400 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। माननीय मंत्री जी उस बंटे हुए राज्य के उस पुराने भाग में, जहां हमारे जैसे लोग बसते हैं, जहां रघुवंश बाबू जैसे लोग बसते हैं, वहां विद्युतीकरण करने के लिए केन्द्रीय सरकार से एक विशेा पैकेज बिहार को दिया गया है, माननीय मंत्री जी कृपा करके यह बताएं कि किस तरह से अपने आप को समाहत कर रहे हैं?â€¦(व्य वधान)

SHRI V.P. SINGH BADNORE (BHILWARA): Sir, I would like to make just one point....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : This should not go on the record.*(Interruptions) â€¦**

सभापति महोदय : मैंने मंत्री जी को बुला लिया है। आप बैठ जाइए।

SHRI V.P. SINGH BADNORE : The hon. Minister is yielding to give a chance to me.

MR. CHAIRMAN: This is not the proper way. यह रूल में नहीं है।â€¦(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: It is not going on the record.*(Interruptions) â€¦**

सभापति महोदय : यह रिकार्ड में नहीं जा रहा है। आप क्यों बोल रहे हैं?â€¦(व्यवधान)
*** Not Recorded**

विद्युत मंत्री (श्री सुरेश प्रभु) :सभापति महोदय, मैं आपको और स्पीकर साहब को भी धन्यवाद देता हूं और मूर्ति जी को भी धन्यवाद देता हूं कि आज इस विाय पर जो चिंता जताई गई है और जिसके लिए आज सदन ने अपना बहुमूल्य समय व्यतीत किया और मुझे भी एक मौका मिला कि इस बारे में सरकार की भूमिका से मैं सदन को अवगत करा सकूं। यह बात सही है कि हमारी स्थिति नौंवी पंचवर्षीय योजना में इलैक्ट्रिफिकेशन के मामले में काफी खराब हुई है। सातवीं पंचवर्षीय योजना तक करीबन पांच साल तक 1,10,000 से भी ज्यादा विलेजेस का विद्युतीकरण करने का काम कर रहे थे। पिछले सालों में खास तौर से आठवीं और नौंवीं पंचवर्षीय योजना में जिसमें आठवीं पंचवर्षीय योजना में और कम काम हुआ और नौंवी पंचवर्षीय योजना में उससे भी कम हुआ। इसके साथ यह भी सही है कि जो बातें यहां हमारे सामने रखी गई हैं, सातवीं पंचवर्षीय योजना तक हम जनरेशन के टार्गेट के काफी नजदीक जाने की संभावना रखते थे। लेकिन आठवीं और नौवी पंचवर्षीय योजना, जो अभी तक पूरी नहीं हुई है, में जो हमारा टारगेट था, उसके नजदीक भी जाने का मौका नहीं मिला। ग्रामीण िवद्युतीकरण के साथ-साथ हमारी जो समस्यायें हैं â€¦(व्यवधान)

श्री सुबोध मोहिते (रामटेक) : जो आंकड़े आपके पास आए हैं, क्या वे सही हैं ? â€¦(व्यवधान)

1831 बजे (अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)

श्री सुरेश प्रभु : महोदय, विद्युतीकरण की समस्या हमारे सामने बहुत बड़ी चुनौती है और बहुत बड़ी चिन्ता है। पिछले समय जब लोक सभा में चर्चा कर रहे थे, तो मैंने कहा था, यदि यह स्थिति चलती रहेगी, तो बिहार जैसे राज्य को पूरे ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए 800 से भी ज्यादा साल लग सकते हैं। हम चिन्तित हैं और यह हमारे लिए कोई गौरव का विाय नहीं है। पश्चिम बंगाल की स्थिति भी खराब है और उत्तर प्रदेश के बारे में अभी आपने कहा है। मैं मानता हूं, यदि यह स्थिति चलती रहेगी, तो हमने जो लक्ष्य रखा था, उसके करीब भी हम नहीं जा सकेंगे। इसलिए सरकार ने तय किया है और हम बहुत जल्द एक ऐसी योजना बना रहे हैं, जिसकी सहायता से - वित्त मंत्री जी सदन में आ गए हैं, सही मायने में उनकी सहायता से, उनकी निजी सहायता से - हम एक निश्चित समय में ग्रामीण विद्युतीकरण के काम को पूरा कर सकेंगे। मैं माननीय मूर्ति जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित किया है।

महोदय, बिजली एक ऐसी कमोडिटी है, जिसको मुफ्त नहीं दिया जा सकता है। बिजली को जनरेट करने के लिए पैसे लगते हैं। वे पैसे यदि हम सही मायने में इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड्स को वापस नहीं दे सकेंगे, तो आगे आने वाले दिनों में, चाहे कोई भी राज्य सरकार हो, वह राज्य सरकार बिजली निर्माण के कार्य में विफल रहेगी। इलैक्ट्रिसिटी एक्ट हमने इसी ससंद में पास किया और 1983 में अमेंडमेंट करके संसद में कहा गया था कि कम से कम तीन परसेंट जो कैपिटल एम्पलाय किया जाता है, वह स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड को मिलना चाहिए। इसके बाद जो प्रोफिट बचता है, उसके हिसाब से टैरिफ तय करना चाहिए। इतना होने के बाद भी यदि एव्रेज निकालेंगे, तो स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड को 18 परसेंट का घाटा रहा है। यह बहुत ही चिन्ता का विाय है। इसके साथ ग्रामीण विद्युतीकरण का मामला जुड़ा हुआ है। ग्रामीण िवद्युतीकरण स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लेकिन इस जिम्मेदारी को पूरा करने में जो दिक्कत आती है, उसको ध्यान में रखते हुए, केन्द्र शासन ने पहले से ही रुरल इलैक्ट्रिफिकेशन कार्पोरेशन के माध्यम से और प्लान आउटले देने के बाद, हमने रुरल इलैक्ट्रिफिकेशन कार्पोरेशन से काम कराने की कोशिश की। जैसा मैंने कहा, हम सातवीं पंचवर्षीय योजना तक काफी हद तक सफल रहे। आठवीं और नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, जिन राज्यों में इलैक्ट्रिफिकेशन का काम चल रहा है, उन राज्यों में फन्ड्स जिस तरीके से लेने की जरूरत है, वे फन्ड लेने में इसलिए विफल रहे, क्योंकि इन्टरैस्ट बेरिंग फन्ड्स हैं। रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन कार्पोरेशन भी एक आर्गेनाइजेशन है। जब वे पैसा चाहते हैं, तो पैसा लेने के लिए मार्केट से बोरे करते हैं। मार्केट से बोरो करके पैसा स्टेट इलैक्ट्रसिटी बोर्ड्स को दिया जाता है। अगर वह पैसा वापस नहीं मिलेगा, तो आगे आने वाले दिनों में रुरल इलैक्ट्रिफिकेशन कार्पोरेशन को देने के लिए भी पैसा नहीं रहेगा, तो डिफाल्ट करेंगे। मैं मानता हूं कि राज्यों के ऊपर बहुत बड़ा बोझ है। इसलिए जो राज्य पैसा नहीं देते हैं, उनके साथ हमारी बातचीत चल रही है। बिहार के साथ भी हम कोशिश कर रहे हैं। उनके मुख्यमंत्री को हमने दिल्ली आमंत्रित किया है। आपसे भी िवनती की है। जितनी जल्दी हो सके, यदि रि-शैड्युलिंग की जरूरत है, तो हम जरूर ध्यान देंगे। यह हमारे लिए चिन्ता का विाय है और जितनी जल्दी हो सके, हमारा बिहार की तरफ ध्यान है। पश्चिम बंगाल की भी यह स्थिति है। मुझे पता था, श्री बसुदेव आचार्य सवाल करेंगे। इसलिए पश्चिम बंगाल रुरल इलैक्ट्रिफिकेश कार्पोरेशन, रुरल एनर्जी डवेलपमेंट कार्पोरेशन से मैंने फीगर्स मंगवाई हैं। उनसे पूछा है, उनकी क्या स्ट्रेटेजी है, जिसके आधार पर इस तरह का पूरा इलैक्ट्रिफिकेशन कर पायेंगे। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं, पश्चिम बंगाल को भी जितनी पूंजी की जरूरत है, जरूर देंगे। वहां के एनर्जी मिनिस्टर मिले थे। उनसे विनती की है कि राज्य सरकार केन्द्र सरकार के साथ MOU साइन करे, जिसकी सहायता से पूंजी देने का काम शुरू कर सकें। मूर्ति जी ने जो और सवाल पूछे हैं, उनके बारे में मैं बिल्कुल सहमत हूं। यह बात सही है कि आज जो हमारे विलेज इलैक्ट्रीफिकेशन की डेफिनेशन है, वह बहुत मिसलिडिंग डेफिनेशन है। उससे हम यह बिलकुल दावे से नहीं कह सकते कि पूरे विलेज में पूरी तरह से इलैक्ट्रीफिकेशन हो गया है। 31 प्रतिशत ही रूरल हाउसहोल्ड्स में इलैक्ट्रीफिकेशन का काम पूरा हुआ है। इसलिए आप जो उत्तर प्रदेश की बात कह रहे हैं उससे भी मैं बिलकुल सहमत हूं। हमें आगे आने वाले दिनों में पहले तो विलेज इलैक्ट्रीफिकेशन का टारगेट रखना होगा और बाद में बस्तियों के इलैक्ट्रीफिकेशन का भी रखना होगा। आज प्लानिंग कमीशन के मुताबिक चार लाख से ज्यादा बस्तियां ऐसी हैं,â€¦(व्यवधान)

श्री लाल मुनी चौबे (बक्सर) :महोदय, हमारा एक सवाल है कि जिन राज्यों में विद्युत बोर्ड ने स्वीकार किया है कि यह पैसा हमने खा लिया, पैसा बर्बाद हो गया, वहां क्या कार्यवाही होगी?â€¦(व्यवधान)

श्री सुरेश प्रभु : महोदय, जैसे मैं कह रहा था कि जो चार लाख से ज्यादा हरिजन, दलित बस्तियां हैं, वहां भी विद्युतीकरण का काम करने के लिए केन्द्र सरकार की तरफ से यदि ज्यादा धन देते हैं तो जिस काम के लिए पैसा दिया जाता है, उसी काम के लिए उस पैसे का इस्तेमाल होना चाहिए। रूरल इलैक्ट्रीफिकेशन कार्पोरेशन और भी धन देता रहेगा। आजकल प्लान से भी ज्यादा पैसा जा रहा है। जैसे आप कह रहे थे, हमने इसी साल से एक नयी पद्धति की शुरूआत की, क्योंकि रूरल इलैक्ट्रीफिकेशन कार्पोरेशन से बॉरो करने के बाद स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड को पैसा वापस करने में दिक्कत आती है। इसलिए हमने यह तय किया कि उन्हें डायरेक्ट प्लान से ही पैसे दिए जाएंगे। महोदय, वित्त मंत्री जी ने फाइनेंस बिल में बजट में जो प्रोविजन किया था, वह पैसा डायरेक्ट स्टेट्स को ही दिया जा रहा है, ताकि उसका इस्तेमाल इलैक्ट्रीफिकेशन के लिए किया जा सके। मैं आपकी चिन्ता से सहमत हूं, जब तक इस पूंजी का इस्तेमाल उसी काम के लिए नहीं किया जाएगा,â€¦(व्यवधान)

श्री लाल मुनी चौबे : जिन राज्यों के विद्युत बोर्ड ने स्वीकार किया है कि हमने पैसा खा लिया है।â€¦(व्यवधान)जहां पैसा समाप्त हो चुका है, वहां क्या कार्यवाही होगी?â€¦(व्यवधान)अध्यक्ष महोदय : आप आधे घंटे की चर्चा में क्लेरीफिकेशंस कैसे पूछेंगे?â€¦(व्यवधान)

श्री लाल मुनी चौबे :महोदय, हम लोगों ने 18 हजार गांवों में बिजली लगाने का तय किया था, लेकिन वहां अभी तक कहीं बिजली नहीं लगी।â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप आधे घंटे की चर्चा में क्लेरीफिकेशंस कैसे पूछेंगे?

श्री सुरेश प्रभु : अखिलेश जी ने पूछा है कि एमपी लैड से जो धन दिया जाता है, चुनाव क्षेत्र में उस पैसे का इस्तेमाल करना चाहते हैं, उस पूंजी को किस तरह से लगाया जाए। मैं खुद यू.पी. स्टेट से बात करके इस मामले को हल करूंगा।â€¦(व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दासमुंशी (रायगंज) : हम लोगों ने जो पूंजी फिक्स की है, वह नहीं मिल रही है और राज्य सरकार की तरफ से बिजली बोर्ड कहते हैं कि हम यह काम नहीं कर पाएंगे। हम कहां जाएंगे?"What is so objectionable about telling anyone that it should also be their own concern to ensure their own self-defence as best as they can since the Security Forces obviously cannot guard each hectare of Assam's territory nor protect every single individual."(व्यवधान)

श्री सुरेश प्रभु : मैंने कहा कि हम इसमें जो पालिसी है उसे ठीक तरह से देख रहे हैं। हमने स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन से भी बात की है। इस पूरे विलेज़ इलैक्ट्रीफिकेशन में पालिसी में क्या चेंज करने की जरूरत है, लोन कम्पोनेंट में किस तरह चेंज हो सकता है। इंटरस्ट का कम्पोनेंट, इंटरस्ट सब्सिडी देने की जरूरत है या नहीं, इन सभी सवालों पर हम सोच रहे हैं। मुझे विश्वास है कि आगे आने वाले दिनों में हम जल्दी ही इसका हल निकाल सकेंगे। हमारे मित्र रूडी ने डी-इलैक्ट्रीफिकेशन के बारे में पूछा। यह दुर्भाग्य की बात है कि हमारे देश में कई देहातों में, जहां पहले विद्युतीकरण हुआ था, वहां आज विद्युतीकरण नहीं हो रहा है। इसका जो इनवेस्टीगेशन मेरे से पहले कुमार मंगलम जी ने किया था, उसे भी हम दोबारा देखेंगे। स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड को भी चिन्ता है। वी.पी. सिंह जी ने जो कहा था उसके ऊपर भी हमारा ध्यान है। महोदय, मैं विश्वास दिलाता हूं कि पूरा सदन इस बात के लिए चिन्तित है और स्थिति को सुधारने के लिए शायद एक नया लेजिस्लेशन भी लाना होगा। हम पावर रिफार्म्स के साथ जोड़ कर ही विलेज़ इलैक्ट्रीफिकेशन को सुधार सकते हैं, इस लेजिस्लेशन से इसे सपोर्ट मिलेगा। इसमें भी सदन हमारी पूरी सहायता करेगा। आपने जो चिन्ता प्रकट की है उन सभी चिन्ताओं को भी दूर करने का काम हमारी सरकार जरूर करेगी।----------